an>

Title: Need to release funds for the Godwad Circuit Development Scheme in Rajasthan to promote tourism.

श्री पी.पी.चौधरी (पाली) : उपाध्यक्ष महोदय, केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य बहुत तेजी से चल रहा है। एन.डी.ए. सरकार ने जब जब सत्ता की कमान संभाली, तब तब राजमार्गों के विकास कार्य में तेज़ी आई है। हम सभी जानते हैं कि राजमार्ग देश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। पिछली यूपीए सरकार द्वारा 11 किलोमीटर प्रतिदिन के हिसाब से राजमार्ग निर्माण कार्य किया जाता था जो वर्तमान सरकार द्वारा बढ़ाकर 23.4 किलोमीटर प्रतिदिन किया गया है। माननीय नितिन गडकरी जी के नेतृत्व में ही राजमार्ग निर्माण का लक्ष्य प्रतिदिन 30 किलोमीटर का प्राप्त हो सकेगा। मैं सदन और माननीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी का ध्यान पुराने राजमार्गों की मरम्मत की ओर आकर्षित करते हुए बताना चाहूँगा कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में राजस्थान को राजमार्गों की मरम्मत हेतु आवश्यकता से लगभग आधी धनराशि जारी की जाती रही है। वर्ष 2011 और 2014 के बजट में तो कुल मिलाकर 41 करोड़ रुपये ही जारी किए गए जो कि अनुमानित लागत से एक चौथाई से कम था। राजमार्गों की खराब स्थिति को गंभीरता से लेते हुए राजस्थान सरकार द्वारा वर्ष 2013-14 में 50 करोड़ रुपये की धनराशि केन्द्र सरकार द्वारा पुनर्बरित किए जाने के आधार पर जारी की गई थी। इसके साथ-साथ राजमार्गों की लम्बाई तथा उन पर वाहनों की संख्या में निरन्तर बढ़ोत्तरी के कारण मरम्मत हेतु धनराशि को बढ़ाया जाना आवश्यक हो गया है। राजस्थान सरकार के माध्यम से प्रतिवर्ष 75 करोड़ की धनराशि राजमार्गों की मरम्मत हेतु आबंटित किए जाने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार के पास लम्बित है।

अतः मेरा सदन के माध्यम से माननीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री जी से अनुरोध है कि राजस्थान राज्य में राजमार्गों की मरम्मत हेतु भेजे गये प्रस्ताव पर सहमति जारी करते हुए बजट स्वीकृत करने की कृपा करें। धन्यवाद।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Dr. Manoj Rajoria,

Shri Bhairon Prasad Mishra and

Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri P.P. Chaudhary.

Now, the other Members that I am going to call have to take only one minute each. Otherwise, nothing will go on record afterwards. In one minute, briefly you mention your issues because there are 50 Members.

...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: I will be able to give only one minute each because we have to complete before 7:30 pm. I cannot proceed further.

...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: I would request you to take one minute each because otherwise it would not be possible to accommodate all. The staff and all cannot sit late. You might be ready to sit.

...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: No, please cooperate and state only the subject that you want to mention. The '*Zero Hour*' matters are raised like this only, and one cannot make lengthy speeches.

...(*Interruptions*)